BSES

उपभोक्ताओं को सुरक्षित व विश्वसनीय बिजली आपूर्ति देने की कोशिश

लोकल वितरण नेटवर्क को बेहतर बनाने के काम में जुटा बीआरपीएल

नई दिल्लीः 18 मई, 2010। इस साल दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 5400 से भी अधिक पहुंचने की उम्मीद है। दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में, बीआरपीएल इलाकों में, बिजली की पीक डिमांड इस बार 2200 मेगावॉट होने की उम्मीद की जा रही है। पिछले साल पीक डिमांड थी 2061 मेगावॉट।

फरवरी और मार्च के महीने में ग्रिड सब–स्टेशनों और वितरण सब–स्टेशनों के रखरखाव व मरम्मत का काम पूरा करने के बाद, अब बीआरपीएल अब विभिन्न मोहल्लों व कॉनोनियों के लोकल वितरण नेटवर्क को दुरूस्त करने में जुट गया है। इनमें फीडर/ सर्विस पिलर, वितरण बॉक्स, पुरानी सर्विस लाइन आदि का बेहतरीकरण शामिल है।

बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के मुताबिक– बिजली की बढ़ती डिमांड और उपभोक्ताओं की सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए बीआरपीएल ने यह विशेष अभियान शुरू किया है, ताकि नेटवर्क की विश्वसनीयता को और बढ़ाया जा सके। कई आरडब्यूए और उपभोक्ताओं ने भी बीआरपीएल को यह अभियान शुरू करने का सुझाव दिया था। यह काम करते वक्त इलाकों को कई छोटे–छोटे हिस्सों में बांटा जाएगा, ताकि एक साथ बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को असुविधा न हो।

उपभोक्ताओं से मिले फीडबैक और खुद के सर्वे के आधार पर बीआरपीएल ने उन इलाकों को चिह्नित किया है, जहां रखरखाव का विशेष अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि दक्षिण दिल्ली के हरस्वरूप कॉलोनी, खिड़की एक्सटेंशन, पंचशील विहार (मालवीय नगर), ईश्वर कॉलोनी (आया नगर), निजामुद्दीन बस्ती, हरिकेश नगर (नेहरू प्लेस), में इस काम को पूरा किया जा चुका है और पश्चिम दिल्ली के बेरीवाला नगर (जनकपुरी), महिंद्रा पार्क, जीवन पार्क और प्रजापति कॉलोनी (विकासपुरी) में भी यह काम पूरा हो चुका है। इन कॉलोनियों के आरडब्लूएज और स्थानीय निवासियों ने इसकी काफी सराहना की है।

इस अभियान में क्या होगा:

- लोकल नेटवर्क को बेहतर बनाया जाएगा
- पुराने पड़ चुके सर्विस केबलों को बदला जाएगा
- उपभोक्ताओं के बिजली मीटरों को बेहतर ढंग से फिक्स किया जाएगा

हालांकि, बीआरपीएल के 750 वर्गकिलोमीटर में फैले इलाकों को देखते हुए, यह गतिविधि अगले कई हफ्तों तक चलने की संभावना है। सप्ताह के दिनों में सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक मरम्मत व रखरखाव का काम चलेगा। इसके लिए कंपनी को संबंधित मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ेगी, तभी यह काम किया जा सकता है। हां, इस बात का ध्यान जरूर रखा जाएगा कि एक मोहल्ले में एक ही बार में मरम्मत व रखरखाव का काम पूरा कर लिया जाए। दुबारा वहां बिजली आपूर्ति बंद करने की नौबत न आए। कंपनी इस बात का ख्याल भी रखेगी कि यह काम सप्ताहांत के दिनों में न किया जाए।

जिन इलाकों में मरम्मत व रखरखाव का यह विशेष अभियान चलाया जाएगा, उनकी लिस्ट बीएसईएस वेबसाइट **www.bsesdelhi.com** पर अपलोड कर दिया गया है। यह लिस्ट आरडब्लूएज के ऑफिसों में भी उपलब्ध होगी। उन्हें इस अभियान के बारे में जानकारी दी जा रही है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।